IV 16/2022

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

Rs. 100

रू. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते



भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

GA 064496

## ट्रस्ट डीड/न्यासपत्र

- हम कि मनोज कुमार पाण्डेय व अतुल पाण्डेय पुत्रगण स्व0 ओम प्रकाश पाण्डेय स्थायी पता– बी–8, नई मार्केट तुर्रा पिपरी, जिला सोनभद्र उ0प्र0, पिनः 231217, का निवासी हूँ। हम लोग स्वंय द्वारा अर्जित धन मे से मु0 10,000/–रू0 देकर निम्नलिखित ट्रस्ट/न्यास की स्थापना करते हैं। इस ट्रस्ट/न्यास/संस्थान का प्रबन्धन कार्य प्रणाली, उद्देश्य एवं व्यवस्था करते हैं। इस ट्रस्ट/न्यास/ संस्थान का प्रबन्धन, कार्य प्रणाली, उद्देश्य एवं व्यवस्था इण्डियन ट्रस्ट एक्ट 1882 के अधीन निम्नलिखित नियमों एवं उपबन्धों के अन्तर्गत की जायेगी।
- 1– ट्रस्ट का नाम– ओम सेवा समिति।

53/100500 मनोज कुमार पाण्डेय S/o स्व० ओमप्रकाश पाण्डेय सा० बी-6. मार्केट दुद्धी पिपरी सोनभद्र

25/05/22

म्प वेण्डर ला०नं०-119
दुद्धी, सोनभद्र

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

Rs. 100

रु. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

GA 064497

- 2– ट्रस्ट का कार्यालय एवं पता– **दुर्गा फिलिंग स्टेशन, मुर्धवा के पास, मुर्धवा रेनुकूट सोनभद्र। पिन– 231217**
- 3– ट्रस्ट का कार्यक्षेत्र– सम्पूर्ण भारतवर्ष।
- 4– ट्रस्टी का नाम– (1) प्रधान ट्रस्टी– मनोज कुमार पाण्डेय व अतुल पाण्डेय पुत्रगण स्व0 ओम प्रकाश पाण्डेय स्थायी पता– बी–8, नई मार्केट तुर्रा पिपरी, जिला सोनभद्र उ0प्र0, पिनः 231217

<u>ट्रस्ट का उद्देश्य –</u>

- राष्ट्र के उत्थान के हेतु सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, साहित्यिक आदि गतिविधियों के समिति आदि बनाकर संचालित करना।
- प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा के प्रसार हेतु संस्थाओं/समितियों/विद्यालयों/महाविद्यालयों आदि की स्थापना एवं संचालन। उपर्युक्त हेतु संगोष्ठियों/सेमिनारों/कार्यशालाओं आदि कार्यक्रमों का आयोजन/ अनुसंधानों का प्रोत्साहन।
- योग, आयुर्वेद, ज्योतिष, प्राकृतिक चिकित्सा, ध्यान, साधना, व्यक्तिगत विकास, खेलकूद, रंगमंच आदि के विकास, विस्तार एवं प्रचार–प्रसार हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन।

54/100.00 मनोज कुमार पाण्डेय S/o स्व० ओम प्रकाश पाण्डेय B-8 नई मार्केट तुर्रा पिपरी सो.

24/05/22

स्टाम्प वेण्डर लाइसेंस
दुद्धी, सोनभद्र

आवेदन सं०: 202201006002261

**न्यास पत्र**

---

**बही स०: 4** **रजिस्ट्रेशन स०: 16** **वर्ष: 2022**

---

प्रतिफल- 10000 स्टाम्प शुल्क- 750 बाजारी मूल्य - 0 पंजीकरण शुल्क - 500 प्रतिलिपिकरण शुल्क - 60 योग : 560

---





श्री मनोज कुमार पाण्डेय ,
पुत्र श्री स्व0 ओम प्रकाश पाण्डेय
व्यवसाय : व्यापार
निवासी: बी-8, नई मार्केट तुर्रा पिपरी सोनभद्र

ने यह लेखपत्र इस कार्यालय में दिनाँक 26/05/2022 एवं 01:23:58 PM बजे
निबंधन हेतु पेश किया।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

श्यामधर यादव प्रभारी
उप निबंधक :दुद्धी
सोनभद्र
26/05/2022

सोनभद्र दुद्धी लिपिक 2
निबंधक लिपिक
26/05/2022

प्रिंट करें

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

Rs. 100

रु. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

GA 064498

- दलित/वंचित/निर्धन वर्गों, अनाथों, मानसिक अशक्त जनों, दिव्यांगों, विधवाओं एवं आदिवासियों आदि के विकास एवं उत्थान हेतु कार्य करना।
- बालिका शिक्षा, महिला सशक्तीकरण आदि कार्यक्रमों के माध्यम से स्त्रियों की सामाजिक आर्थिक दशा सुधारने हेतु कार्यक्रमों का आयोजन करना।
- पर्यावरण संरक्षण को बढावा देना। स्वच्छ भारत अभियान को बढावा देने हेतु कार्यक्रमों का आयोजन करना।
- परिवार कल्याण कार्यक्रमों का आयोजना करना।
- कौशल विकास हेतु कार्यशालाएं आयोजित करना। उक्त हेतु शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना करना।
- राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं सामाजिक समरसता हेतु कार्य करना।
- सैनिकों एवं अर्द्धसैनिक बलों/पुलिस के सहायतार्थ/सम्मानार्थ विविध कार्यक्रमों का आयोजन करना।
- शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संचालन में गैर सरकारी संस्था (एनजीओ) के रूप में सहायता करना।

55/100:00 मनोज कुमार पाण्डेय S/o स्व० ओम प्रकाश पाण्डेय ग्रा० बी- मार्केट तुर्रा पिपरी सोन०

स्टाम्प वेण्डर सोनभद्र दुद्धी, सोनभद्र 24/05/22

**आवेदन सं०: 202201006002261**

बही स०: 4 रजिस्ट्रेशन स०: 16 वर्ष: 2022

**निष्पादन लेखपत्र वाद सुनने व समझने मजमुन व प्राप्त धनराशि रु प्रलेखानुसार उक्त**

**न्यासी: 1**

श्री मनोज कुमार पाण्डेय, पुत्र श्री स्व0 ओम प्रकाश पाण्डेय

निवासी: बी-8, नई मार्केट तुर्रा पिपरी सोनभ्रद

व्यवसाय: व्यापार




**न्यासी: 2**

श्री अतुल पाण्डेय, पुत्र श्री स्व0 ओम प्रकाश पाण्डेय

निवासी: बी-8, नई मार्केट तुर्रा पिपरी सोनभद्र

व्यवसाय: व्यापार




**ने निष्पादन स्वीकार किया । जिनकी पहचान**

**पहचानकर्ता : 1**

श्री रमेशदत्त मिश्रा, पुत्र श्री हृदयदत्त मिश्रा

निवासी: पिपरी सोनभद्र

व्यवसाय: व्यापार




**पहचानकर्ता : 2**

श्री आशीष श्रीवास्तव, पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

निवासी: तुर्रा पिपरी सोनभद्र

व्यवसाय: व्यापार




रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

ने की । प्रत्यक्षत:भद्र साक्षियों के निशान अंगूठे नियमानुसार लिए गए है ।

टिप्पणी :

श्यामधर यादव प्रभारी
उप निबंधक : दुद्धी
सोनभद्र
26/05/2022

सोनभद्र दुद्धी लिपिक 2
निबंधक लिपिक सोनभद्र
26/05/2022

प्रिंट करें

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

Rs. 100

रु. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

कोषागार

29 APR

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

GA 064499

- कृषि, सिंचाई, बागवानी, खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन कुटीर उद्योग एवं स्वसहायता समूह आदि ग्राम आधारित विकास कार्यक्रमों का संचालन एवं उक्त हेतु संचालित शासकीय योजनाओं का सहयोग करना।
- सामाजिक कुरीतियों यथा–दहेज प्रथा, बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या आदि के विरूद्ध जनजागरण हेतु कार्यक्रमों का आयोजन करना।
- राष्ट्र भाषा हिन्दी के उत्थान, साथ ही हिन्दी पत्रकारिता सम्बन्धी गोष्ठी, सेमिनार का आयोजन तथा पत्र/पत्रिकाओं का प्रकाशन करना, एवं विस्तार हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन करना। उक्त हेतु समिति/संस्था निर्माण कर राष्ट्रभाषा के विकास में योगदान करना।
- कला, साहित्य, सांस्कृतिक एवं ललित कला के विकास, विस्तार एवं प्रचार–प्रसार हेतु कार्य करना। उक्त हेतु कार्यशालाओं/प्रदर्शनियों/कवि सम्मेलनों/सेमिनारों का आयोजन करना।
- जनसुविधा स्थलों यथा–विश्राम गृह, धर्मशाला, निःशुल्क प्याऊ आदि की व्यवस्था करना। धार्मिक स्थलों का निर्माण एवं जिर्णोद्धार, ध्यानकक्ष, यज्ञशालाओं आदि का निर्माण करना।
- न्यास के उक्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु समितियों/संस्थाएं/एनजीओ आदि बनाकर कार्य करना। उक्त हेतु अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भी कार्य करने का प्रयास करना।

56/100-00 मनोज कुमार पाण्डेय पुत्र स्व० ओमप्रकाश पाण्डेय लेन० बी-6
तुर्री पिपरी सोनभद्र

जयनारायण
स्टाम्प वेण्डर
दुद्धी, सोनभद्र

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये    Rs. 100

रु. 100    ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH    GA 064500

**1– प्रारम्भिक उपबन्ध–**

- वर्तमान मे, ट्रस्ट डीड के पंजीकरण की तिथि से **मनोज कुमार पाण्डेय व अतुल पाण्डेय**, जो कि इस न्यास विलेख के रचयिता भी है, को ट्रस्ट का प्रधान ट्रस्टी (मैनेजिंग ट्रस्टी)/अध्यक्ष सुनिश्चित किया जाता है।
- वर्तमान प्रधान ट्रस्टी/अध्यक्ष अपने जीवन काल में ही, जब चाहें, अपना उत्तरदायित्व अपने जीवनकाल तक, सह ट्रस्टी अथवा अपने उत्तराधिकारियों को स्थानांतरित कर सकता है।
- प्रधान ट्रस्टी एवं सह ट्रस्टी संयुक्त रूप से ट्रस्ट की सम्पत्ति का उपयोग एवं उपभोग लोकहित में करेगें।
- सह ट्रस्टी, ट्रस्ट के उत्थान एवं विकास हेतु ऋण/दान/उपहार/सहयोग राशि आदि प्राप्त करने हेतु यथासम्भव कार्य करेगें एवं ट्रस्ट उत्थान हेतु सतत् प्रयत्नशील रहेगा।
- इस डीड के अन्तर्गत उल्लिखित सभी पदों की नियुक्ति हेतु प्रधान ट्रस्टी एवं सह ट्रस्टी की लिखित सहमति आवश्यक होगी।
- ट्रस्ट से सम्बन्धित कोई भी विवाद आपसी सहमति से ही निपटाया जायेगा। किसी भी पक्षकार को किसी भी न्यायालय मे वाद लाने का अधिकार नही होगा। केवल आपसी सहमति का निर्णय ही अन्तिम होगा। प्रधान ट्रस्टी एवं सह ट्रस्टी का पद आजीवन रहेगा।

**2– प्रधान ट्रस्टी/अध्यक्ष एवं सह ट्रस्टी के सम्बन्ध मे उत्तराधिकार हस्तांतरण–**

57/100

मनोज कुमार पाण्डेय पु० स्व० ओमप्रकाश पाण्डेय
नई मार्केट दुद्धी सोन०

25/05

स्टाम्प वेण्डर ला०नं०-118
दुद्धी, सोनभद्र

57/1005

मनोज कुमार पाण्डेय S/o स्व० ओमप्रकाश पाण्डेय
नई मार्केट दुद्धी सोन०

स्टाम्प वेण्डर ला०नं०-119
दुद्धी, सोनभद्र
2/5/05

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये रु.50

FIFTY RUPEES Rs.50

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

CL 169293

- प्रधान ट्रस्टी अथवा सह ट्रस्टी मे से किसी एक की मृत्यु हो जाने पर प्रधान ट्रस्टी/ सह ट्रस्टी अपने विवेकानुसार दूसरे ट्रस्टी की नियुक्ति करेगा।
- प्रधान ट्रस्टी अपने जीवन काल तक के लिए अपने अधिकार का हस्तांतरण सह ट्रस्टी या जिसे वह उचित समझे, को कर सकता है। यही नियम सह ट्रस्टी पर भी लागू होगा।

**3– बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज/कार्यकारी समिति –**

- ट्रस्ट के सुचारू संचालन के लिए प्रधान ट्रस्टी एवं सह ट्रस्टी आपसी सहमति से बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज अथवा कार्यकारी समिति का गठन कर सकते है। उक्त बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज/कार्यकारी समिति में सदस्यों की संख्या 11 से अधिक नही होगी।
- उक्त कार्यकारी समिति के सदस्यों के पदनाम एवं दायित्व निर्धारण का अधिकार प्रधान ट्रस्टी एवं सह ट्रस्टी को होगा।
- उक्त बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज/कार्यकारी समिति की वर्ष में कम से कम 02 बार बैठकें होगीं। कोरम न्यूनतम 06 होगा। निर्णय प्रायः सर्वसम्मति/बहुमत से लिये जायेगें। मतभेद होने पर प्रधान ट्रस्टी का निर्णय अन्तिम होगा।
- उक्त बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज/कार्यकारी समिति के सदस्य प्रधान ट्रस्टी के प्रसाद पर्यन्त अपने पद पर बने रहेगें।

50/ 50500 मनोज कुमार पाण्डेय S/o स्व० ओमप्रकाश पाण्डेय नि० मार्केट दुद्धी सोनभद्र

स्टाम्प वेण्डर
दुद्धी, सोनभद्र

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये रु.50

FIFTY RUPEES Rs.50

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH CL 169294

- प्रधान ट्रस्टी को कार्यकारी समिति के किसी भी सदस्य को उचित कारण बताते हुए, स्पष्टीकरण के उपरान्त हटाने का अधिकार होगा, किन्तु सह ट्रस्टी को हटाने का नहीं।

**4– कार्यक्षेत्र–**

- ट्रस्ट का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण भारतवर्ष होगा। आवश्यकतानुसार/सुविधानुसार ट्रस्ट विश्व के किसी अन्य राष्ट्र से सहायता अथवा राय ले अथवा दे सकता है।

**5– प्रधान ट्रस्टी के अधिकार एवं कर्त्तव्य–**

- प्रधान ट्रस्टी का पद आजीवन होगा।
- वह ट्रस्ट के बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज/कार्यकारी समिति के बैठकें बुलायेगा, बैठकों की अध्यक्षता करेगा।
- उसे बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज/कार्यकारी समिति के सदस्यों को मनोनीत करने/पदच्युत करने का अधिकार होगा, किन्तु सह ट्रस्टी को हटाने का अधिकार नही होगा।
- ट्रस्ट के समुचित संचालन हेतु विभिन्न पदों का सृजन करना, उनके पदनाम/ दायित्वों का निर्धारण करना।
- आवश्यकता पड़ने पर ट्रस्ट की नियमावली/उद्देश्यों में परिवर्तन, परिवर्द्धन अथवा संशोधन करना, जो रजिस्ट्रार के समक्ष रजिस्ट्रीकरण की तिथि से मान्य होगा।

59/50=00 मनोज कुमार पाण्डेय पुत्र स्व० ओम प्रकाश पाण्डेय साकिन बी-
दुर्री पिपरी सोनभद्र

[signature] 24/05/12

...प वेण्डर ला०नं०-119
दुद्धी, सोनभद्र

भारतीय गैर न्यायिक

पचास रुपये रु.50

भारत

सत्यमेव जयते

INDIA

FIFTY RUPEES Rs.50

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

CL 169295

**6– सह ट्रस्टी के अधिकार एवं कर्त्तव्य–**

- सह ट्रस्टी अध्यक्ष के प्रशासनीक कार्यो में सहयोग करना।
- अध्यक्ष की अनुपस्थिति में अध्यक्ष के दायित्वों का निर्वहन करेगा।

**7– ट्रस्ट सम्पत्ति–**

- ट्रस्ट चल/अचल सम्पत्ति के सम्बन्ध में वह सभी अधिकार रखता है, जो भारत के किसी नागरिक को प्राप्त है।
- ट्रस्ट चल/अचल सम्पत्ति का क्रय/विक्रय कर सकता है, आवश्यकता पड़ने पर उसे गिरवी रख सकता है।
- ट्रस्ट किसी व्यक्ति/संस्था से दान, उपहार, ऋण, मानदेय, पुरस्कार, भेंट, सम्मान आदि प्राप्त कर सकता है अथवा दे सकता है।
- ट्रस्ट चल/अचल सम्पत्ति को आवश्यकतानुसार/सुविधानुसार भारतीय आयकर अधिनियमों के सुसंगत प्रावधानों के अधीन रहते हुये किसी योजना/योजनाओं में विनियोजित/निवेशित कर सकता है। उक्त विनियोग/निवेश प्रधान ट्रस्टी एवं सह ट्रस्टी की संयुक्त सहमति के उपरान्त ही किया जायेगा।

60/50=00 मनोज कुमार पाण्डेय पुत्र स्व० ओम प्रकाश पाण्डेय ग्राम बोo-6-मदु
दुर्रा पिपरी प्रo.

स्टाम्प वेण्डर
दुद्धी, सोनभद्र

सत्यमेव जयते

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये रु.50

FIFTY RUPEES Rs.50

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

CL 169296

- ट्रस्ट की चल/अचल सम्पत्ति के सम्बन्ध मे विलेख बनाने हेतु प्रधान ट्रस्टी एवं सह ट्रस्टी किसी व्यक्ति/व्यक्तियों को अधिकृत कर सकते हैं।
- ट्रस्ट की सम्पत्ति का ऑडिट किसी मान्यता प्राप्त ऑडिटर से प्रत्येक वर्ष कराया जायेगा।

**8– ट्रस्ट का खाता –**

- ट्रस्ट का खाता "**ओम सेवा समिति**" के नाम से किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में खोला जायेगा। प्रधान ट्रस्टी एकल अथवा संयुक्त रूप से उक्त खाते का संचालन करेगा।
- प्रधान ट्रस्टी आवश्यकतानुसार/सुविधानुसार सह ट्रस्टी/कार्यकारी समिति के सदस्य/सदस्यों को उक्त खाते का सह खाताधारक बना सकता है।
- ट्रस्ट के अधीन संचालित किसी समिति/संस्था का अलग से भी खाता खोला जा सकता है। उक्त खाते के संचालन के नियम प्रधान ट्रस्टी द्वारा तय किये जायेगें।

**9– विधिक प्रकरण–**

- प्रधान ट्रस्टी ट्रस्ट/ट्रस्ट सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले किसी मामले में कोई सिविल/आपराधिक/राजस्व/आयकर अथवा अन्य वाद स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से समुचित न्यायालय/फोरम इत्यादि मे योजित कर सकता है। उक्त मामलों में वह ट्रस्ट के सह ट्रस्टी अथवा कार्यकारी समिति के किसी सदस्य को अपनी ओर से मामले की पैरवी/अन्य आवश्यकताओं हेतु अधिकृत भी कर सकता है।

मनोज कुमार पाण्डेय पुत्र स्व० ओम प्रकाश पाण्डेय ग्रा०
दुर्ग सिपरी

स्टाम्प वेण्डर
दुद्धी, सोनभद्र

भारतीय गैर न्यायिक

पचास रुपये रु.50 | भारत | सत्यमेव जयते | INDIA | FIFTY RUPEES Rs.50

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH CL 169297

**10– विशेष उपबन्ध**

- ट्रस्ट के अधीन संचालित किसी समिति/संस्था के प्रचालन हेतु पृथक नियम/ उपनियम बनाये जा सकते हैं, किन्तु यदि ट्रस्ट के अधीन संचालित किसी समिति/संस्था के नियम/उपनियम ट्रस्ट के किसी/किन्ही प्रावधानों के प्रतिकूल पड़ते हैं अथवा अतिक्रमण करते है तो वे उस सीमा तक शून्य होगें, जिस सीमा तक वे ऐसा करते है। मतभेद/विवाद की स्थिति में प्रधान ट्रस्टी का निर्णय अन्तिम होगा।

दिनांक :– 24.05.2022

मसविदाकर्ता– रवि सिंह एडवोकेट दुद्धी सोनभद्र। Ravi Singh 9555421320

ह0 ट्रस्टी,



गवाह

गवाह

B-1.P.T दुद्धी

सोनभद्र

9415362385



Ashish Kumar

ASHISH KUMAR.

S/O SRI R.K. Srivastava

B-55, Main Road

Renukoot.

62/50: मनोज कुमार पाण्डेय पु० स्व० ओम प्रकाश पाण्डेय सा० बी-6 न्यू मार्केट पुर पिपरी सो०भद्र

स्टाम्प वेण्डर लाइसेंस-118 दुद्धी, सोनभद्र 26/05/22

**आवेदन सं०: 202201006002261**

बही संख्या 4 जिल्द संख्या 36 के पृष्ठ 79 से 98 तक क्रमांक 16 पर दिनाँक 26/05/2022 को रजिस्ट्रीकृत किया गया।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

श्यामधर यादव प्रभारी
उप निबंधक : दुद्धी
सोनभद्र
26/05/2022

प्रिंट करें